# मु.मंत्री ने 10,000 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

भीलवाड़ा, 28 मार्च। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष में भीलवाड़ा का दौरा किया। इस दौरे पर उन्होंने 10,000 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

भीलवाड़ा नगर निगम के चित्रकूट धाम में उन्होंने राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन समारोह में भाग लिया और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में यूडीएच, एलएसजी और राजस्व विभाग द्वारा डेलिगेशन के ऑर्डर जारी किए। मुख्यमंत्री ने सब रजिस्ट्रार ऑफिस का समय सप्ताह में दो दिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही, सभी जिलों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचन भी किया। इससे स्थानीय क्षमताओं और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को हैल्थ कवरेज देने के लिए राजस्थान गवरमैंट हैल्थ स्कीम घोषित की और



*मु.मंत्री भजनलाल ने भीलवाड़ा में राज्यस्तरीय विकास एवं सुशासन समारोह में साइबर क्राइम (डीजी) शरद कविराज को अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवॉर्ड प्रदान किया।*

**■ राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित विकास एवं सुशासन समारोह में मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को हैल्थ कवरेज देने के लिए राजस्थान गवरमैंट हैल्थ स्कीम घोषित की।**

चिकित्सा एप लॉंच किया, इससे मरीज घर बैठे ही डॉक्टर से अपॉइन्टमैंट ले सकेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन, जिला कलक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह, शासन सचिव कार्मिक के.के. पाठक, महानिदेशक साइबर क्राइम शरद कविराज, महानिदेशक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश को अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी, लादु लाल पितलिया, गोपाल लाल शर्मा सहित कई भाजपा नेता व सरकारी अधिकारी मौजूद थे।

## बिहार चुनाव में महिलाओं को "कैश ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

बहन योजना" की घोषणा की थी। इसी राह पर चलते हुये, भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के चुनावों में "लाड़ली बहन योजना" का प्रचार किया था। जे.एम.एम. सहित, गैर-भाजपा दलों ने भी इसी उपाय को अपनाया था और आदिवासी राज्य की सत्ता में हेमंत सोरेन की वापसी हो गई थी। उनकी वापसी "मेया सम्मान" की सफलता के कारण ही हो सकी थी। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में महिलाओं को नकद सहायता देने का वादा किया था। ये अलग बात है कि अभी तक तो वे अपने वादे का सम्मान करने में असफल रहे हैं। भाजपा भी दिल्ली में चुनाव-पूर्व किये गये वादों को क्रियान्वित करने में असफल रही है।

पूरे भारत और खासतौर से बिहार में, महिलाएं चुनाव-प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार रही हैं। वर्ष 2020 के चुनावों में, महिला मतदाताओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया था। उस चुनाव में 59.69 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले थे, जबकि केवल 54 प्रतिशत पुरुषों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। तब 11 विधानसभा क्षेत्रों में तो 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने वोट डाले थे तथा अन्य 141 विधानसभा क्षेत्रों में 60 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

**■ जैसा कि आकड़ों से साबित होता है, महिला वोट बैंक केवल किंवदंती नहीं है, 2020 के चुनाव में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा वोटिंग की थी। महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत 59.19 था और पुरुषों का 54 प्रतिशत। इन आंकड़ों के कारण ही आरजेडी ने बिहार में "माई, बहन, माँ योजना" की घोषणा की, जिसके तहत हर महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रूपए दिये जायेंगे।**

विपक्षी गठबंधन को नेतृत्व प्रदान कर रही आरजेडी भी महिला मतदाताओं के महत्ता से अच्छी तरह परिचित प्रतीत हो रही है। पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने भी "मैं बहन माँ योजना" की घोषणा कर दी है तथा वादा किया है कि अगर विपक्षी गठबंधन सत्ता में आता है तो प्रत्येक महिला को प्रति माह 2500 रूपए की सहायता दी जायेगी।

## केन्द्रीय ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सैलरी का 53 प्रतिशत हो गया था। अब 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद यह बेसिक सैलरी का 55 प्रतिशत हो गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 10,000 रुपये है, तो उसे अब महंगाई भत्ते के रूप में 5500 रुपये मिलेंगे।

## म्यांमार में ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सागाइंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है।

इसे स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट कहते हैं, जिसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे की बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं, ऊपर-नीचे नहीं।

यह दरार अंडमान सागर से लेकर हिमालय की तलहटी तक जाती है और पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेट्स के हिलने-डुलने से बनी है। भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे सागाइंग फॉल्ट पर दबाव पड़ता है और चट्टानें बगल में सरकती हैं। म्यांमार में कई बड़े भूकंप इसी सागाइंग फॉल्ट की वजह से आए हैं। इससे पहले 2012 में 6.8 तीव्रता का भूकंप आ चुका है। सागाइंग फॉल्ट के पास 1930 से 1956 के बीच 7 तीव्रता वाले 6 से ज्यादा भूकंप आए थे।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

**अपील**

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #Rajasthan Diwas 2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।



राजस्थान संवाद

भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार





**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908